लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 125

उत्तर देने की तारीखः 02.02.2021

केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाएं

125. कुंवर दानिश अलीः

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में चल रही केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इनकी संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का उक्त योजनाओं की संख्या में कमी करने या उन्हें समाप्त करने का प्रस्ताव है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार सामाजिक क्षेत्र की कल्याणकारी योजनाओं की सामाजिक संपरीक्षा करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (ग): केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों की संख्या के ब्यौरे सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा रखे जाते हैं जो **अनुबंध-I** पर दिए गए हैं।

(घ) और (ड.): जमीनी स्तर पर इस स्कीम का प्रभाव का पता लगाने तथा इस स्कीम के कार्यान्वयन के पश्चात् लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव के संबंध में एक तृतीय पक्ष द्वारा इस स्कीम की समीक्षा तथा मूल्यांकन किया गया है।

लोक सभा में दिनांक 02.02.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 125 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

क्रम सं.	कार्यक्रम/स्कीमें
1.	कक्षा I तथा X में अध्ययनरत एससी छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
2.	एससी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
3.	सफाई तथा स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण व्यवसायों में लगे व्यक्तियों के बच्चों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना
4.	छात्रों के लिए बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना
5.	प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना
6.	सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के संरक्षण तथा अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु राज्यों/संघ राज्यों के लिए केन्द्रीय सहायता
7.	अनुसूचित जाति विकास निगमों (एससीडीसी) के लिए सहायता
8.	ओबीसी छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति
9.	ओबीसी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति
10.	ओबीसी बालकों तथा बालिकाओं के लिए छात्रावास का निर्माण
11.	आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के छात्रों के लिए डॉ. अम्बेडकर मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम
12.	विमुक्त तथा घुमन्तू जनजातियों (डीएनटी) के छात्रों के लिए डॉ. अम्बेडकर मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति तथा मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम
13.	डीएनटी बालकों तथा बालिकाओं के लिए नानाजी देशमुख छात्रावास निर्माण स्कीम
14.	वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना
15.	नशीली दवा की मांग में कटौती संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना